पाक्षिक



खबर आस पास

खबर आस पास RNI REGISTERED

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

दीपावली पर भजनलाल सरकार की किसानों को बड़ी सौगात, लगभग 345 करोड़ रुपये के फसल बीमा दावों का भुगतान

प्रदेश के नौ जिलों के किसानों को बड़ी राहत, लंबे समय से लंबित फसल बीमा दावों का हुआ निस्तारण

जयपुर, कासं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात देते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत लगभग 345 करोड़ रुपये के लंबित फसल बीमा दावों का भुगतान किया है। राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल से प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल मौसम की मार झेल रहे किसानों को आर्थिक संबल मिला है।

कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा लंबित फसल बीमा दावों के निस्तारण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जयपुर, बाड़मेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली, सिरोही, चूरू, जालोर एवं डूंगरपुर जिलों के पात्र बीमित किसानों के फसल बीमा दावों के भुगतान की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

पश्चिमी राजस्थान के सूखा प्रभावित किसानों को बड़ी राहत, 318 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान

कृषि आयुक्त ने बताया कि रबी 2025-26 के दौरान सूखे से प्रभावित पश्चिमी राजस्थान के किसानों को राहत प्रदान करते हुए राज्य सरकार ने अधिसूचित बीमा कंपनियों एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के माध्यम से लगभग 318 करोड़ रुपये के फसल बीमा दावों का भुगतान करवाया है।

इसके अंतर्गत बाड़मेर जिले के किसानों को 53.60 करोड़ रुपये, बीकानेर को 116 करोड़ रुपये, जोधपुर को 48 करोड़ रुपये, पाली को 31 करोड़ रुपये, चूरू को 25.85 करोड़ रुपये तथा जालोर जिले के पात्र किसानों को 43.58 करोड़ रुपये का फसल बीमा दावा भुगतान किया गया है।

इस पहल से सूखे के कारण फसल नुकसान का सामना करने वाले किसानों को बड़ी आर्थिक राहत मिली है।

राज्य स्तरीय समिति के निर्णयों पर त्वरित कार्रवाई, 17.60 करोड़ रुपये का भुगतान—

गोयल ने बताया कि राज्य सरकार किसानों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय शिकायत निराकरण समिति की बैठक में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की आपत्तियों को अस्वीकार करते हुए डूंगरपुर एवं जालोर जिलों के किसानों को 17.60 करोड़ रुपये के लंबित फसल बीमा दावों का भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। कृषि विभाग ने इन निर्णयों की तत्काल पालना सुनिश्चित कराते



हुए जालोर जिले के खरीफ 2024 के लंबित फसल बीमा दावों के 10.64 करोड़ रुपये तथा डूंगरपुर जिले के खरीफ 2025 के फसल बीमा दावों के 6.96 करोड़ रुपये संबंधित बीमा कंपनी के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में जमा करवा दिए हैं।

यह कार्रवाई किसानों के हितों की रक्षा तथा बीमा कंपनियों के स्तर पर लंबित प्रकरणों के प्रभावी निस्तारण के प्रति राज्य सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

जयपुर जिले के किसानों को 9.50 करोड़ रुपये की राहत, उच्चतर औसत उपज के आधार पर हुआ भुगतान

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जयपुर जिले की दूदू तहसील के किसानों को भी बड़ी राहत प्रदान की गई है।

खरीफ 2025 के दौरान दूदू तहसील की कुछ बीमा इकाइयों में निर्धारित संख्या में फसल कटाई प्रयोग संपादित नहीं होने के कारण किसानों के फसल बीमा दावों का भुगतान अटका हुआ था।

राज्य सरकार के प्रयासों से उच्चतर औसत उपज के आधार पर पात्र बीमित किसानों के लंबित फसल बीमा दावों के 9.50 करोड़ रुपये का भुगतान अधिसूचित बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से करवाया गया है।

इस निर्णय से लंबे समय से बीमा दावा भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे किसानों को आर्थिक राहत मिली है।

किसानों की आर्थिक सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हितों के संरक्षण, कृषि क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण तथा खेती को सुरक्षित एवं लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।


उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं, सूखे एवं प्रतिकूल मौसम के कारण फसलों को होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि दीपावली के अवसर पर लगभग 345 करोड़ रुपये के फसल बीमा दावों का भुगतान किसानों के लिए केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उनके परिश्रम के सम्मान और उनके परिवारों में खुशहाली लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि किसी भी पात्र किसान को फसल बीमा योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना पड़े। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा बीमा कंपनियों के साथ नियमित समन्वय, लंबित प्रकरणों की सतत समीक्षा तथा किसानों की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

राज्य सरकार किसानों की आय की सुरक्षा, कृषि जोखिमों को कम करने तथा संकट के समय अन्नदाताओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है।

राहुल की अपील- लाठियों से न डरें, दिल्ली मार्च में आएं



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले 'दिल्ली चलो' मार्च में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह मार्च किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा का अभियान है। राहुल ने लोगों से पुलिस और लाठियों की चिंता किए बिना इसमें शामिल होने का आह्वान किया।

मतदाता सूची पुनरीक्षण पर विरोध

विपक्षी गठबंधन की ओर से आयोजित इस मार्च में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को वापस लेने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाई जाएगी। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र और मताधिकार पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आने को कहा। राहुल गांधी ने सामाजिक माध्यम पर जारी संदेश में कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए।

चक्रवात कमजोर पड़ा, लेकिन 15 राज्यों में बारिश और ठंड बढ़ने के आसार

चक्रवात का कहर : ओडिशा के 300 गांव बाढ़ में घिरे, राजस्थान में भी बारिश का अलर्ट

जयपुर/नई दिल्ली। चक्रवाती तूफान अर्नब कमजोर होकर गहरे अवदाब में बदल गया है, लेकिन इसके असर से देश के कई राज्यों में बारिश, बाढ़ और जनजीवन प्रभावित होने का सिलसिला जारी है। ओडिशा और आंध्र प्रदेश में सबसे ज्यादा नुकसान की खबरें हैं। ओडिशा के गंजाम जिले में लगातार बारिश से करीब 300 गांव बाढ़ की चपेट में हैं, जबकि आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में रेलवे पुल पानी में डूबने से रेल यातायात रोकना पड़ा है। दोनों राज्यों में करीब छह लोगों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। ओडिशा में हालात बिगड़ने के बाद राज्य सरकार ने प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को निकालने की तैयारी की है। अब तक करीब 30 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। जरूरत पड़ने पर हेलीकॉप्टर की मदद से भी लोगों को बाहर निकालने की योजना है। कई इलाकों में पेड़ गिरने, सड़कों के क्षतिग्रस्त होने और पुलों को नुकसान पहुंचने से आवागमन प्रभावित हुआ है। गंजाम जिले में लगातार चार दिनों से हो रही बारिश ने बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। गजपति जिले में कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पानी के तेज बहाव से कई सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। पुरी में



जयपुर में तेज बारिश, पारा गिरा, बढ़ी ठंड

जयपुर। चक्रवात अर्नब के असर से गुरुवार को जयपुर में मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह करीब 11 बजे हल्की बारिश हुई, जबकि देर शाम कई इलाकों में तेज बरसात हुई। नारायण सिंह सर्किल पर बारिश के कारण दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिनभर बादल छाए रहने और धूप नहीं निकलने से तापमान में गिरावट आई और ठंड बढ़ गई। प्रदेश के जयपुर, अलवर समेत कई जिलों में पारा 5 डिग्री तक गिरा। मौसम विभाग के अनुसार अर्नब का असर 31 अक्टूबर तक रह सकता है।

समुद्र की लहरें ऊंची उठने और तेज हवाएं चलने के कारण तटीय क्षेत्रों में सतर्कता बरती जा रही है। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में रेलवे पुल के पानी में डूबने से दोनों दिशाओं में ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई। प्रशासन प्रभावित यात्रियों को सड़क मार्ग से निकालने की तैयारी कर रहा है। दोनों राज्यों में राहत और बचाव कार्यों के बीच लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात अर्नब मंगलवार देर रात करीब साढ़े तीन बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया था। इस दौरान हवा की रफ्तार 125 से 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई थी और भारी बारिश हुई थी। इसके बाद तूफान कमजोर होकर गहरे अवदाब में बदल गया। पूर्वानुमान के अनुसार, गुरुवार सुबह तक इसके अवदाब और शाम तक कम दबाव वाले क्षेत्र में बदलने की संभावना जताई गई थी। हालांकि, चक्रवात के कमजोर होने के बावजूद इसके प्रभाव से मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और अन्य राज्यों में बारिश का दौर जारी रह सकता है। कई क्षेत्रों में तापमान गिरने से ठंड बढ़ने के भी आसार हैं। राजस्थान में चक्रवात के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदल गया है।

कोहली से अपील कराएं, पटाखों के बिना मनाएं दिवाली- सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। दिवाली पर पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जागरूकता बढ़ाने के लिए मशहूर हस्तियों की मदद लेने का सुझाव दिया। अदालत ने कहा कि विराट कोहली जैसे लोकप्रिय खिलाड़ियों से लोगों को बिना पटाखों के दिवाली मनाने की अपील कराई जा सकती है। इससे त्योहार की खुशियों के साथ पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा का संदेश भी व्यापक स्तर पर पहुंचाया जा सकेगा। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति वराले ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए अच्छे खिलाड़ियों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित हस्तियों की सेवाएं क्यों नहीं ली जा सकतीं। अदालत ने सुझाव दिया कि ऐसी शख्सियतों से वीडियो और संदेश जारी कराकर लोगों को प्रदूषण से बचाव के लिए प्रेरित किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों से पटाखों पर लागू पाबंदियों और नियमों का व्यापक प्रचार करने को कहा। इसके लिए टेलीविजन, समाचार पत्रों और अन्य माध्यमों का उपयोग करने का सुझाव दिया गया। अदालत का जोर इस बात पर रहा कि केवल आदेश जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोगों



डिजिटल ठगी पर बैंकों की भी तय हो जिम्मेदारी- सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर बढ़ती साइबर ठगी पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताते हुए बैंकों और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही तय करने का सुझाव दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि यदि बैंक की लापरवाही के कारण किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी होती है, तो पीड़ित को मुआवजा देने की जिम्मेदारी भी बैंक की होनी चाहिए। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह फिलहाल एक प्रस्ताव है, अंतिम आदेश नहीं। गुरुवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने सवाल उठाया कि लगातार जागरूकता अभियान चलने और ठगी की घटनाओं की खबरें सामने आने के बावजूद शिक्षित लोग भी डिजिटल अरेस्ट के जाल में कैसे फंस रहे हैं। पीठ ने कहा कि केवल वारदात के बाद जांच करना पर्याप्त नहीं है। ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जिससे संदिग्ध लेन-देन की समय रहते पहचान कर ठगी को रोका जा सके।

तक उनका संदेश पहुंचाना और नियमों का पालन सुनिश्चित करना भी जरूरी है। पीठ ने कहा कि दिवाली मूल रूप से रोशनी का त्योहार है। त्योहार मनाने के लिए ऐसी गतिविधियों को जरूरी नहीं माना जाना चाहिए, जिनसे दूसरों को परेशानी हो या उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़े। बच्चों को भी पटाखों से होने वाले प्रदूषण के नुकसान के बारे में समझाने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान अदालत ने त्योहार से जुड़ी धार्मिक भावनाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया।

राजस्थान में रिटायर अग्निवीर को पुलिस में नौकरी का मौका : जयपुर के संदीप शर्मा को कांस्टेबल पद का अस्थायी नियुक्ति प्रस्ताव, दस्तावेजों और पात्रता की जांच के बाद तय होगी नियुक्ति

जयपुर। राजस्थान में सेवानिवृत्त अग्निवीरों को सरकारी नौकरी देने की दिशा में पहल हुई है। जयपुर के कालवाड़ निवासी संदीप शर्मा को राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल पद के लिए अस्थायी नियुक्ति प्रस्ताव जारी किया गया है। इसे प्रदेश में इस तरह का पहला मामला बताया जा रहा है। हालांकि, अंतिम नियुक्ति अभ्यर्थी की पात्रता, योग्यता और सेवा संबंधी दस्तावेजों के सत्यापन पर निर्भर करेगी। पुलिस मुख्यालय के भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड की ओर से जारी प्रस्ताव में राज्य



सरकार के कार्मिक विभाग की 15 अक्टूबर 2026 की अधिसूचना और गृह विभाग के 17 अक्टूबर के पत्र का हवाला दिया गया है। इन्हीं निर्देशों की पालना में संदीप शर्मा को नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर दिया गया है।

10 दिसंबर तक दस्तावेज सत्यापन

प्रस्ताव मिलने के बाद अभ्यर्थी को एक से 10 दिसंबर 2026 के बीच किसी भी दिन पुलिस मुख्यालय स्थित भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड के कार्यालय में उपस्थित होना होगा। इस दौरान उसे सभी जरूरी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

इन दस्तावेजों की होगी जांच

अभ्यर्थी को शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड और अग्निवीर सेवा से सेवानिवृत्ति का प्रमाण-पत्र साथ लाना होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही नियुक्ति के संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी अधिसूचना के बाद शुरू हुई प्रक्रिया

पुलिस विभाग की ओर से जारी पत्र पर भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार के हस्ताक्षर हैं। प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया है कि नियुक्ति की प्रक्रिया निर्धारित पात्रता और योग्यता की जांच के अधीन रहेगी। ऐसे में फिलहाल इसे अंतिम नियुक्ति के बजाय नियुक्ति की दिशा में शुरुआती कदम माना जा रहा है।

फिर नीला ड्रम चर्चा में, इस बार निकला नोटों का जखीराः जमीन के नीचे दफन थे कई ड्रम, 60 करोड़ की आशंका

प्रयागराज (खबर आस पास)। प्रयागराज के बरईपुर में पुलिस ने एक मकान में जमीन के अंदर ड्रमों में छिपाए करोड़ों रुपये बरामद किए हैं। देर रात तक 4 करोड़ 30 लाख रुपए गिने जा चुके थे। 60 करोड़ रुपए होने की संभावना जताई जा रही है। बरईपुर (रामनगर) क्षेत्र में पुलिस ने एक मकान के अंदर जमीन की खोदाई कराकर ड्रमों में छिपाकर रखे गए करोड़ों रुपये के नोटों का जखीरा बरामद किया है। आरोपी ने मकान के फर्श के नीचे बड़े-बड़े ड्रमों में नोटों की गड्डियां





भरकर दबा रखी थीं। बुधवार देर रात तक बैंक और संबंधित विभागों की मशीनों के जरिए करीब 4 करोड़ 30 लाख रुपये की गिनती पूरी हो चुकी थी, जबकि सूत्रों का दावा है कि यह पूरी रकम 60 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। आरोपी कुछ साल पहले महाराष्ट्र के पुणे स्थित एक फर्म में काम करता था, वह नोटबंदी के दौरान वहां से बोरियों में भरे करोड़ों रुपए लेकर फरार हो गया था। गांव वापस लौटने के बाद उसने कई बीघा जमीन खरीदी और बाकी बची रकम को नीले/प्लास्टिक के बड़े ड्रमों में भरकर अपने मकान के अंदर ही जमीन में गड्ढा खोदकर दबा दिया। हाल ही में आरोपी का अपने पड़ोसी पट्टीदार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद बहस के दौरान जमीन में दबाकर रखे गए नोटों की बात पुलिस तक पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी के मकान को चारों तरफ से घेरकर उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी से कड़ाई से पूछताछ और उसकी निशानदेही पर जब मकान के भीतर जमीन की खोदाई शुरू कराई गई, तो एक के बाद एक कई ड्रम निकले। ड्रम खोलते ही नोटों की गड्डियां देखकर पुलिसकर्मियों के भी एकबारगी होश उड़ गए। डीसीपी (गंगानगर) सोनम कुमार ने बताया कि नोटों की पूरी गिनती समाप्त होने के बाद ही आधिकारिक तौर पर कुल रकम की पुष्टि हो सकेगी।

ट्रेनों के लिये रेलवे बोर्ड ने जारी किया यह सख्त आदेश

बीकानेर (खबर आस पास)। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। अब ट्रेनों के कोचों में लगे मोबाइल चार्जिंग पॉइंट रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक बंद रहेंगे। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे को इस निर्देश का सख्ती से पालन करने के आदेश दिए हैं। यह कदम हाल ही में हुई एक घटना के बाद उठाया गया है, जिसमें चार्जिंग के दौरान यात्री के मोबाइल का पावर बैंक फट गया था।

दक्षिण पूर्व रेलवे में हुई घटना ने बढ़ाई चिंता

25 अक्टूबर को मुंबई से हावड़ा जा रही ट्रेन की बोगी में एक यात्री का पावर बैंक चार्जिंग के दौरान धुएं के साथ फट गया। जांच में सामने आया कि निर्धारित समय के दौरान चार्जिंग पॉइंट बंद नहीं किए गए थे। इस घटना ने रेलवे अधिकारियों को चेताया कि रात के समय चार्जिंग सुविधा से आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। रेलवे बोर्ड के विशेष कार्य अधिकारी (विद्युत इंजीनियरिंग) ने 26 अक्टूबर को सभी जोनल रेलवे के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियरों को पत्र जारी कर सख्त निर्देश दिए।

2014 के पुराने नियमों का सख्ती से पालन

रेलवे बोर्ड ने याद दिलाया कि 2014 में भी इसी तरह के निर्देश जारी किए गए थे। उस समय भी आग की घटनाओं को देखते हुए रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक चार्जिंग पॉइंट बंद रखने की सिफारिश की गई थी लेकिन कई जोनों में इन निर्देशों का पालन ठीक से नहीं हो रहा था। दक्षिण पूर्व रेलवे की घटना के बाद बोर्ड ने कहा है कि अब किसी भी तरह की छूट नहीं दी जाएगी। ऑनबोर्ड स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा और औचक निरीक्षण किए जाएंगे। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

यात्रियों की सुरक्षा ही प्राथमिकता

रेलवे का मानना है कि रात के समय जब ज्यादातर यात्री सो रहे होते हैं,तब चार्जिंग डिवाइस अनअटेंडेड रह जाते हैं। पावर बैंक या मोबाइल फोन के ओवरहीट होने से आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। पिछले कुछ वर्षों में ट्रेनों में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं। इसलिए यह एहतियाती कदम जरूरी है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने तो 15 दिवसीय सुरक्षा अभियान भी शुरू कर दिया है, जिसमें चार्जिंग पॉइंट बंद रखने की निगरानी की जा रही है। यात्रियों से भी अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करें और जरूरत पडने पर पावर बैंक साथ रखें।

रात की यात्रा करने वाले यात्री क्या करें?

इस नए नियम से रात में यात्रा करने वाले यात्रियों को कुछ असुविधा हो सकती है। खासकर लंबी दूरी की ट्रेनों में जहां मोबाइल फोन चार्ज रखना जरूरी होता है। रेलवे सुझाव दे रहा है कि यात्री दिन के समय या सुबह 5 बजे के बाद चार्जिंग का इस्तेमाल करें। कई ट्रेनों में अभी भी पावर बैंक की अनुमति है,लेकिन चार्जिंग पॉइंट रात में बंद रहेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह फैसला सही दिशा में है क्योंकि सुरक्षा सबसे पहले आती है। रेलवे बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सभी जोनल रेलवे को तुरंत यह व्यवस्था लागू करनी होगी।

आदेश पूरे भारतीय रेल नेटवर्क पर लागू

यह आदेश पूरे भारतीय रेल नेटवर्क पर लागू होगा। यात्री संगठनों ने भी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस कदम का स्वागत किया है, हालांकि कुछ ने सुविधा बढ़ाने की मांग भी की है। रेलवे का लक्ष्य है कि आग जैसी घटनाओं को पूरी तरह रोका जाए। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे इस नियम का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें। अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक रेलवे वेबसाइट या ऐप पर अपडेट चेक करें।

एक नवंबर को रवि पुष्य नक्षत्र का महा संयोग, सोना-चांदी से वाहन तक खरीदारी के लिए शुभ

बीकानेर (खबर आस पास)। दीपावली से पहले 1 नवंबर को रवि पुष्य नक्षत्र का संयोग बन रहा है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार,पुष्य नक्षत्र में की गई खरीदारी और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व है। इस दिन सोना- चांदी,भूमि,भवन,वाहन और इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद खरीदना शुभ माना जाता है। वहीं, व्यापारी नए बही-खाते, कलम-दवात और श्रद्धालु लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं, पूजन सामग्री व धार्मिक पुस्तकें खरीदते हैं। दीपावली से पहले बन रहे इस संयोग से बाजार में खरीदारी बढने की उम्मीद है। पुष्य नक्षत्र का व्यापारिक दृष्टि से विशेष महत्व है। परंपरागत व्यापारी इस दिन नए बही- खाते,कलम और दवात खरीदते हैं। वहीं,श्रद्धालु सोने-चांदी और तांबे के सिक्के,लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं,पूजन यंत्र और धार्मिक सामग्री खरीदते हैं। इस बार सर्राफा,वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स और रियल एस्टेट कारोबार में अच्छी ग्राहकी की उम्मीद जताई जा रही है। त्योहार से पहले खरीदारी का यह अवसर बाजार में रौनक बढ़ा सकता है। पुष्य को कहा जाता है नक्षत्रों का राजा लाभः सुबह 9 से 10:30 बजे तक अमृत : सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक शुभः दोपहर 1:30 से 3 बजे तक शुभः शाम 5:48 से 7:24 बजे तक अमृतः शाम 7:30 से रात 9 बजे तक ज्योतिषाचार्य पं. सूरज रतन व्यास ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र में 27 नक्षत्रों को प्रधानता दी गई है। इनमें पुष्य नक्षत्र को नक्षत्रों का राजा कहा जाता है। इसके स्वामी शनि और उप स्वामी देवगुरु बृहस्पति हैं। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार, इन दोनों ग्रहों के प्रभाव के कारण पुष्य नक्षत्र में धार्मिक कार्यों,संपत्ति और सुख-सुविधाओं से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी का विशेष महत्व है। इस नक्षत्र में खरीदी गई वस्तुओं को स्थायी समृद्धि प्रदान करने वाला माना जाता है। सूर्य अर्घ्य और मंत्र जप जरूरी होता है। सूर्योदय के समय तांबे के लोटे में जल लेकर,उसमें थोड़ी सी हल्दी या लाल चंदन मिलाकर सूर्य देव को अर्घ्य दें। अर्घ्य देते समय या उसके बाद 'ओम घृणि सूर्याय नमः' मंत्र या आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें। यदि नौकरी या मान-सम्मान में बाधा आ रही है, तो अपनी मनोकामना कहते हुए गाय को गुड़ खिलाएं। इस बार पुष्य नक्षत्र रविवार को होने से इसे रवि पुष्य नक्षत्र कहा जा रहा है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार, रविवार के अधिपति सूर्य हैं,जबकि सप्तमी तिथि भी सूर्य को समर्पित मानी जाती है। वहीं,पुष्य नक्षत्र के स्वामी शनि और उप स्वामी बृहस्पति हैं। वर्तमान में शनि का गोचर बृहस्पति की राशि मीन में होने से इस संयोग का ज्योतिषीय महत्व और बढ़ जाता है।

अब स्कूलों की छुट्टी का कारण बताना होगा ऑनलाइन

बीकानेर (खबर आस पास)। प्रदेश की सरकारी स्कूलों में छुट्टियों को लेकर शिक्षा विभाग ने नई व्यवस्था लागू की है। अब किसी भी तरह के अवक ाश की जानकारी शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज करनी होगी। इसके लिए स्कूल लॉगिन में हॉलिडे एंट्री मॉड्यूल शुरू किया गया है। इस व्यवस्था के तहत संस्था प्रधानों को छुट्टी की तारीख के साथ उसका कारण भी दर्ज करना अनिवार्य होगा।नई व्यवस्था लागू होने से स्कूलों में होने वाली छुट्टियों की जानकारी एक ही पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। इससे शिक्षा विभाग को यह पता लगाने में आसानी होगी कि किस स्कूल में कब अवकाश रहा और इसके पीछे क्या वजह थी। जरूरत पडने पर विभाग इस रिकॉर्ड की जांच भी कर सकेगा।

छुट्टियों का बनेगा डिजिटल रिकॉर्ड

शिक्षा विभाग का उद्देश्य स्कूलों में होने वाले अवकाशों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना है। अब तक छुट्टियों से जुड़ी जानकारी अलग-अलग माध्यमों से भेजी जाती थी। इससे सूचनाओं को एक जगह जुटाने और उनका रिकॉर्ड रखने में परेशानी हो सकती थी। नई व्यवस्था के बाद छुट्टियों की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी।स्कूलों में किसी विशेष परिस्थिति,स्थानीय कारण या अन्य वजह से अवकाश होने पर उसकी तारीख और कारण पोर्टल पर दर्ज करना होगा। इससे विभाग के पास स्कूलवार जानकारी उपलब्ध रहेगी। साथ ही जरूरत के अनुसार पुराने रिकॉर्ड को देखना और उसका सत्यापन करना भी आसान होगा।

संस्था प्रधानों की बढ़ेगी जिम्मेदारी

हॉलिडे एंट्री मॉड्यूल शुरू होने के बाद स्कूलों के संस्था प्रधानों की जिम्मेदारी बढ़ेगी। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि अवकाश की जानकारी सही तरीके से दर्ज की जाए। तारीख या कारण में गलती होने पर विभागीय रिकॉर्ड में अंतर आ सकता है। इसलिए ऑनलाइन प्रविष्टि करते समय सावधानी बरतनी होगी।नई व्यवस्था से स्कूलों और शिक्षा विभाग के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान भी आसान हो सकेगा। छुट्टियों की जानकारी के लिए अलग-अलग माध्यमों पर निर्भरता कम होगी और जरूरत पडने पर संबंधित स्कूल का रिकॉर्ड एक ही पोर्टल पर देखा जा सकेगा।

अधिकारियों को पालना कराने के निर्देश

शिक्षा विभाग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीनस्थ स्कूलों के संस्था प्रधानों को हॉलिडे एंट्री मॉड्यूल की प्रक्रिया समझाएं। साथ ही इस व्यवस्था की अनिवार्य पालना सुनिश्चित कराएं।इससे स्कूलों में होने वाले अवकाशों की निगरानी आसान होगी। विभागीय स्तर पर रिकॉर्ड का संधारण और सत्यापन भी बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। नई व्यवस्था के तहत स्कूलों को छुट्टी की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया का नियमित रूप से पालन करना होगा।

मकान से 6 पेटी अवैध शराब बरामद, एक आरोपी को किया गिरफ्तार

बीकानेर (खबर आस पास)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ थाना इलाके में बीती रात करीब 12 बजे बाद पुलिस ने हाइवे किनारे स्थित एक घर से अवैध देशी शराब जब्त की और एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी कश्यपसिंह राघव के निर्देशन में एसआई सुभाष कुमार, हैड कांस्टेबल झूमरराम, कांस्टेबल पुनीत, नरेंद्र की टीम ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस जासा रात को गश्त पर रवाना हुआ और बीकानेर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा। यहां दल को सूचना मिली कि हाइवे किनारे 29 वर्षीय मूलचंद पुत्र भंवरराम सांसी निवासी सींथल ने एक मकान में भारी मात्रा में अवैध शराब छिपाकर रखी है। पुलिस ने मकान का गेट खुलवाया तो आरोपी ने दरवाजा खोला और पूछताछ करने पर मकान में शराब पड़ी होना बताया। पुलिस ने तलाशी लेते हुए 6 कार्टून शराब बरामद की। चार कार्टून में ढोला मारू के 48-48 पव्वे भरे थे व पांचवे में 21पव्वे, छठे में 39 पव्वे शराब भरी थी। पुलिस ने 275 पव्वे बरामद किए व आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर जांच एसआई राजेंद्र कुमार को सौंप दी है।

बीकानेर शॉपिंग मेले का शुभारंभ आज 12:20 पर

महापौर अनिल कल्ला और समाजसेवी मुरली पंवार करेंगे उद्घाटन

रोटरी भवन में चार दिवसीय मेले की शुरुआत, खरीदारी के साथ व्यापार, कला, संस्कृति और मनोरंजन के रंग भी बिखरेंगे



बीकानेर (खबर आस पास)। शहर के लोगों को खरीदारी, व्यापार और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। बीकानेर शॉपिंग मेला का शुभारंभ शुक्रवार को दोपहर 12 बजे रोटरी भवन, सादुलगंज में होगा। समारोह में महापौर अनिल कल्ला और समाजसेवी मुरली पंवार मुख्य रूप से शिरकत कर मेले का शुभारंभ करेंगे। मेले का आयोजन लोक राग फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स की ओर से किया जा रहा है। 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलने वाले इस चार दिवसीय मेले में शहरवासियों को खरीदारी के साथ विभिन्न उत्पादों, व्यापारिक गतिविधियों और मनोरंजन के कार्यक्रमों का अवसर मिलेगा। आयोजन का उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों, उद्यमियों और उत्पादों को मंच देना तथा स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करना है। शुभारम्भ समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में ड्रीम ल्यूमिना के निदेशक विक्की जैन, करणी कृपा एवं गुरु कृपा हार्डवेयर के सुनील चमड़िया, ज्योतिषाचार्य अनिल पुरोहित, डॉ. एलसी बैद, डॉ. श्याम अग्रवाल, जॉनी साधवानी, जगदीश सेवग, डॉ. शांतनु मिश्रा, एसआईपी वाला के निदेशक राजेश पारीक, शू डॉट कॉम के दिनेश बदलानी, राधे कृष्णा रेस्टोरेंट के श्रीराम चौधरी, बीकानेर फ्रेश के निदेशक विनोद बाफना और गोयमो के निदेशक राजेश गोयल आयोजन की गरिमा बढ़ाएंगे। मेले के दौरान खरीदारी, व्यापारिक मेल-मिलाप, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजन की गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजकों ने शहरवासियों से परिवार सहित मेले में पहुंचने और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने की अपील की है।

मकान से 6 पेटी अवैध शराब बरामद, एक आरोपी को किया गिरफ्तार

बीकानेर (खबर आस पास)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ थाना इलाके में बीती रात करीब 12 बजे बाद पुलिस ने हाइवे किनारे स्थित एक घर से अवैध देशी शराब जब्त की और एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी कश्यपसिंह राघव के निर्देशन में एसआई सुभाष कुमार, हैड कांस्टेबल झूमरराम, कांस्टेबल पुनीत, नरेंद्र की टीम ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस जासा रात को गश्त पर रवाना हुआ और बीकानेर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा। यहां दल को सूचना मिली कि हाइवे किनारे 29 वर्षीय मूलचंद पुत्र भंवरराम सांसी निवासी सींथल ने एक मकान में भारी मात्रा में अवैध शराब छिपाकर रखी है। पुलिस ने मकान का गेट खुलवाया तो आरोपी ने दरवाजा खोला और पूछताछ करने पर मकान में शराब पड़ी होना बताया। पुलिस ने तलाशी लेते हुए 6 कार्टून शराब बरामद की। चार कार्टून में ढोला मारू के 48-48 पव्वे भरे थे व पांचवे में 21पव्वे, छठे में 39 पव्वे शराब भरी थी। पुलिस ने 275 पव्वे बरामद किए व आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर जांच एसआई राजेंद्र कुमार को सौंप दी है।

बुआ, बहन और बेटियों के लौटने से महका गांव, पांच दिन तक बरसा स्नेह



बीकानेर (खबर आस पास)। बीते जमाने में अपनत्व की भावना और सामाजिक समरसता की बिसरती जा रही परम्परा को पुनर्जीवित करने की कोशिश की गई झुंझुनू जिले के रॉयल गांव में। यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन के संस्थापक मेघराज सिंह 'रॉयल' की पहल पर 'बुआ, बहन, बेटी स्नेह मिलन समारोह' आयोजित किया गया। इसमें सर्व समाज की करीब 500 बेटियों, बहनों और बुआओं को आमंत्रित किया गया। गांव के लोगों ने उनका पारम्परिक स्वागत किया। समारोह के दौरान बेटियों को साड़ी, वस्त्र और अन्य उपहार दिए गए। उनके स्वागत और भोजन की विशेष व्यवस्थाएं की गईं। पांच दिन तक गांव में ऐसा माहौल बना रहा, मानो बरसों पुरानी यादों ने फिर से आंगन में दस्तक दे दी हो। किसी घर में बेटी लौटी तो कहीं बहन आई, किसी ने अपनी बुआ को बुलाया तो किसी ने बचपन की सखियों से मुलाकात की। वर्षों बाद अपने पीहर पहुंचीं कई बेटियों के लिए यह पल भावुक कर देने वाला था। अपनों का अपनापन, गांव की गलियों की पहचान और बचपन से जुड़ी यादें उनके चेहरों पर खुशी बनकर झलक रही थीं।

'हर बेटी पूरे गांव की बेटी है'

मेघराज सिंह 'रॉयल' ने इस आयोजन के पीछे की भावना को साझा करते हुए कहा कि पहले जब कोई बेटी ससुराल से पीहर आती थी, तो पूरा गांव उससे मिलने पहुंचता था। जमाई की आवभगत में भी ग्रामीण बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। बेटी की विदाई पर गांव की महिलाएं भावुक हो जाती थीं। उनके अनुसार, यह परम्परा आपसी प्रेम, सहयोग और समरसता का प्रतीक थी, जिसे फिर से जगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल बेटियों का सम्मान करना नहीं, बल्कि समाज में जातिगत भेदभाव को कम करना और सभी वर्गों के बीच अपनत्व बढ़ाना भी है।

ब्रिगेडियर जितेन्द्र सिंह ने भी आयोजन की सफलता में सामूहिक सहयोग को अहम बताया। उन्होंने कहा कि कोई बड़ा आयोजन केवल आर्थिक संसाधनों से सफल नहीं होता, बल्कि इसके लिए परिवार के समर्पण, ग्रामीणों के सहयोग और गांव के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी की जरूरत होती है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर गुजरात में बीकानेर की बेटियां बिखेरेंगी राजस्थानी लोक संस्कृति के रंग

बीकानेर (खबर आस पास)। 31 अक्टूबर को गुजरात में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के भव्य कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से कलाकार अपनी कला एवं संस्कृति की प्रस्तुतियाँ देंगे। इसी ऐतिहासिक आयोजन में राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने के लिए बीकानेर की नृत्यस्थान डांस एकेडमी की आठ प्रतिभाशाली बेटियां भी अपनी प्रस्तुति देंगी। इस राजस्थानी लोकनृत्य प्रस्तुति में बीकानेर से तेजस्वी शर्मा, जया शर्मा, चित्रा शर्मा, कुंजल स्वामी, शिवानी उपाध्याय, सृष्टि सिंह, कोमल माली एवं महिमा दवे शामिल होंगी। इस गौरवशाली आयोजन में बीकानेर की टीम का नेतृत्व तेजस्वी शर्मा करेंगी। उनके नेतृत्व में सभी कलाकार राष्ट्रीय मंच पर राजस्थान की पारंपरिक लोकनृत्य कला, संस्कृति और गौरवशाली विरासत की शानदार प्रस्तुति देंगी। ये सभी कलाकार नृत्यस्थान डांस एकेडमी, बीकानेर की टीम का हिस्सा हैं, जिसके संस्थापक कोरियोग्राफर वसीम खान हैं। उनके मार्गदर्शन में यह टीम नृत्य एवं कला के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रही है। यह अवसर न केवल इन बेटियों और नृत्यस्थान डांस एकेडमी के लिए, बल्कि पूरे बीकानेर के लिए गर्व और गौरव का विषय है।

